जय हो जय हो महावीर बजरंग बलि

जय हो जय हो महावीर बजरंग बलि,
तेरा धरती पे आना गजब हो गया,
आई आई जयंती हनुमत तेरी
जन्मउत्सव मनाना गजब हो गया,
जय हो जय हो महावीर बजरंग बलि,

आये त्रेता में तुम बन के श्री राम दूत
कभी माँ वैष्णो संग में चले थे लंगूर,
बस कलयुग में सालसर और मेहंदीपुर
तेरा संकट मिटाना गजब हो गया,
जय हो जय हो महावीर बजरंग बलि,

तुम हो अंजनी के लाल तेरा रूप विशाल,
आई विपदा तो आगे खड़े बनके ढाल,
दुष्ट शक्ति न टिक ती है आगे कभी,
तेरा सोटा घुमाना गजब हो गया,
जय हो जय हो महावीर बजरंग बलि,

जब लगी भूख सूरज को खाने चले,
प्रभु राम की खातिर सिंदूर तन मले,
जब लगाई थी रावण अगन तेरी पूंछ
तेरा लंका जलाना गजब हो गया,
जय हो जय हो महावीर बजरंग बलि,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15603/title/jai-ho-jai-ho-mahaveer-bajrang-bali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |